## खबर संक्षेप



### भाइयों की कलाई पर बंधी अटूट बंधन की डोर

**उमरियापान।** सावन मास की पूर्णिमा पर भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को उमरियापान क्षेत्र में हर्ष और उमंग के साथ मनाया गया। मंदिरों और देवालयों में पूजन किया और राखी चढ़ाई।सुबह से ही शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर चंदन-अक्षत का तिलक लगाया, आरती उतारी और रेशम की पवित्र डोर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर जीवनभर उनकी सुरक्षा का वचन दिया। पर्व के अवसर पर उमरियापान में शनिवार को ही बाजार लगी।इसके चलते झंडा चौक, आजाद चौक, न्यू बस स्टैंड, अंधेलीबाग सहित पूरे बाजार में कपड़ों, राखियों और मिठाइयों की दुकानों पर भारी भीड़ रही। राखी और मिठाई की खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ से बाजार देर रात तक गुलजार रहा।बहनों के घर से भाइयों तक पहुंचने की उत्सुकता इतनी थी कि बसों और सड़कों पर भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ के कारण दिन में कई बार जाम की स्थिति भी बनी, हालांकि पुलिस की मौजूदगी से यातायात व्यवस्था संभली रही। उमरियापान के अलावा ढीमरखेड़ा, सिलौंड़ी और आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी रक्षाबंधन का पर्व परंपरागत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

### करोड़ों का सोना लेकर चंपत आरोपित को पुलिस ने पकड़ा

**कटनी।** सराफा कारोबारियों का करोड़ों रूपए का सोना लेकर चंपत हुए आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार कटनी पुलिस ने आरोपित को खड़गपुर से गिरफ्तार किया है और उसे कटनी ले आई है तथा पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि सराफा व्यापारियों ने मामले को लेकर पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा से मुलाकात की थी। सराफा एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राजा सराफ ने एसपी के सामने बिंदुवार सारे तथ्य रखे। एसपी ने आश्वासन दिया था कि जल्द से जल्द आरोपी अंशुल सोनी का पता लगा लिया जाएगा। इस बीच इस पूरे घटनाक्रम में सारी प्रक्रिया को संचालित करने के लिए 11 वरिष्ठ सदस्यों की एक टीम बना दी गई। पुलिस टीम ने अंशुल को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। एसपी ने बताया कि आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पूछताछ एवं पूरी कार्यवाही होने के बाद ही इस घटनाक्रम से जुड़े सारे तथ्य सामने आ पाएंगे।

### छात्रवृत्ति का लाभ लेने वन टाईम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**कटनी।** जनजातीय कार्य विभाग एवं अनुसूचित जाति विकास के निर्देशानुसार कक्षा 9वीं से महाविद्यालयीन स्तर तक अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होता है, उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाईम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य हैं। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नंबर प्राप्त कर लिये जाने के बाद भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा जिसके लिए पृथक से पुनः ओटीआर की आवश्यकता नहीं होगी। सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के नोडल प्राचार्यों, महाविद्यालय प्राचार्यों, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, संकुल प्राचार्य व छात्रावास अधीक्षकों को कक्षा 9वीं से महाविद्यालयीन स्तर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अध्ययनरत विद्यार्थियों को वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (एनएसपी) पर वन टाईम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराने के निर्देश दिए गये हैं।

## जिले भर में उत्साह के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व, भाईचारे का पर्व कजलियां मिलन आज

# राखी बांध बहनों ने की भाईयों के दीर्घायु होने की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी







भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही भाईयों को रक्षासूत्र बांधने बहनों का आना जाना लगा रहा। घरों में त्यौहारी रौनक भी देखी गई। बहनों ने भाईयों के माथे में हल्दी चावल, कुमकुम का टीका लगाया, सिर में रूमाल रखकर भाई की कलाई में अपने प्रेम की राखी बांधी तथा भाई के दीर्घायु होने की कामना के साथ जीवन भर हर सुख दुख में साथ देने का वचन लिया। तत्पश्चात मिष्ठान खिलाया। इस दौरान भाईयों ने अपनी बहनों को प्रेम स्वरूप उपहार भी प्रदान किया तथा बहनों को हरकदम उनके साथ खड़ा रहने का भरोसा दिलाया। बच्चों से लेकर वयोवृद्ध भाई बहनों में भी उत्साह देखा गया। शोकाकुल परिवारों में पास पड़ोस सहित रिश्तेदारों ने पहुंचकर ढांढस बंधाया। जिले में हर्षोल्लास व शांतिपूर्वक त्यौहार मनाया गया।

### वाहनों में रही भारी भीड़

रक्षाबंधन पर्व को लेकर यात्री वाहनों में भी भारी भीड़ रही। बसों से लेकर तिपहिया वाहनों तक में गंतव्य तक पहुंचने की हर किसी को जल्दी रही। वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाई गई। भीड़ के चलते यात्रियों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। बहने अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए मायके जा रही हैं। ऐसे में परिवहन के संसाधन जैसे- ट्रेन और बसों में भारी भीड़ रही। कई जगहों पर भाई भी राखी बंधवाने के लिए बहनों के घर जा रहे हैं। कई राखी बंधवाने के लिए कटनी पहुंचे हैं। इसको लेकर कटनी शहर के तीनों मुख्य रेलवे स्टेशनों में कटनी जंक्शन, मुड़वारा रेलवे स्टेशन और साउथ स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। रक्षाबंधन त्योहार को लेकर सामान्य से अधिक भीड़ स्टेशनों पर है। इसी तरहर बसें भी पूरी तरह फुल चल रही हैं। इसके साथ साथ बस स्टॉपेज पर भी लोगों की खासी भीड़ देखी जा रही है। सफर करने वाले लोग निर्धारित समय से पहले बस और रेलवे स्टेशन पहुंच गये ताकि वाहन और सीट समय से मिल जाये और किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### भाईचारे का पर्व कजलियां आज

आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक पर्व कजलियां आज मनाया जाएगा। घरों में बोई गई कजलियों को आज शाम नदी, तालाबों में विसर्जन के पश्चात अपने ईष्टदेव को अर्पित करने के उपरांत एक दूसरे को कजलियां भेंट की जाएगी। साल भर में एक दूसरे के बीच हुए मनमुटाव को गले मिलकर दूर किया जाएगा। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में कजलियों में कई तरह के आयोजन भी होते हैं। कजलियां पर्व पर आज शहर के लल्लू भैया की तलैया, गाटरघाट में मेले का आयोजन भी किया गया। कजलियां मेले को लेकर निगम प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं की गई हैं।

स्लीमनाबाद क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व उत्साह से मनाया गया। पर्व पर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों और देवालयों में पूजा-अर्चना की गई। रक्षा बंधन का पर्व सर्वार्थ सिद्दि योग, सौभाग्य ओर शोभन योग के शुभ योगों के बीच मना। बहनों ने सजधजकर अपने भाईयों के माथे पर चंदन व अक्षत का तिलक लगाकर आरती उतारी।भाइयों की कलाई पर रेशम का पवित्र डोर राखी बांधकर उनकी लंबी आयु और सुख प्राप्ति की प्रार्थना की । भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी सुरक्षा का वचन लिया।सुबह से ही भाईयों के हाथों की कलाईयों में राखियां सजने लगी। पर्व को लेकर बाजार में जमकर भीड़ उमड़ी।स्लीमनाबाद मुख्य बाजार सहित तिराहा बाजार मे कपड़ा, राखी और मिठाइयों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। दिन में कई बार जाम की स्थिति भी बनी रही। भाइयों के घर जाने बहिने आतुर दिखी जिसके चलते बसों में भारी भीड़ रही।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तेवरी में ब्रह्मकुमारी बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर कोई भी एक बुराई एवं व्यसन छोड़ने का संकल्प दिलाया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण करने तथा सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का भी संकल्प दिलाया।

जिला जेल में निरुद्ध बंदियों की बहनें भाईयों को राखी बांधने पहुंची। पंजीयन कराकर बंदी भाईयों को राखी बांधी और सजा काटने के बाद भविष्य में अपराध की दुनिया से नाता तोडऩे का संकल्प शगुन में मांगा। भाईयों ने भी अपनी बहनों को नेग में अपराध नहीं करने का विश्वास दिलाया। खास बात यह है कि जिला जेल में 15 महिला बंदी भी निरूद्ध है, जिनसे मिलने के लिए भाई पहुंचे और बहनों से राखी बंधवाई।

**माधवनगर पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान की गई कार्यवाही**

# डीजल चोरी करने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कार भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



माधवनगर पुलिस ने डीजल चोरी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ संतोष डेहरिया एवं सीएसपी श्रीमती नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने नेतृत्व में की गई।

पुलिस द्वारा आऱोपी रघुवीर कोल पिता राममनोहर कोल 24 साल, प्रवेश राज कोल पिता राममनोहर कोल 21 साल एवं संजीत उर्फ शनि कोल पिता देवीदीन कोल 24 साल सभी निवासी चाँदपुर जिला उमरिया को गिरफ्तार किया है। आरोपियो ने पूछताछ में बताया कि 8 अगस्त को रात में अपनी कार मे डिब्बे एवं पाईप रखकर अपने साथीयो के साथ मिलकर वर्ना कार मे डीजल चोरी करने के लिये कटनी तरफ आये थे जो पीरबाबा बायपास कटनी के पास एक 12 चका ट्रक एवं जेसीबी रोड किनारे अंधेरे मे खडी देखे तो अपनी वर्ना कार को 12 चका ट्रक से सटाकर खडी कर दिया और लोहे की राड से डीजल बाक्स का ताला तोडा तथा पाईप निकालकर गाडी की डिग्गी मे रखे डिब्बो मे लगा दिया तभी पुलिस की गाड़ी आ जाने से हम लोग वहाँ से अपनी कार मे जबलपुर तरफ भाग रहे थे कि एक ढाबे के सामने पुलिस वालो ने हमारी कार को रोक लिया और हम पकड़े गये। आरोपियो द्वारा कुछ दिनो पहले ग्राम मझगवां कोयला प्लांट के सामने एवं दाल मिल के पास लमतरा मे भी इसी कार से डीजल चोरी किया था। आऱोपी के पास से वर्ना कार क्रमांक 20 सीजी 1348, डीजल के डिब्बे, पाईप एवं लोहे की राड जप्त की गई है। आरोपियो से पूछताछ जारी है और भी गटनाओ के खुलासा होने की संभावना है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में उनि दिनेश करोसिया, उनि राजकुमार झारिया (यातायात), प्रआर 536 अखिलेश दीक्षित, आर आकाश रावत, आर. चालक सत्येन्द्र ठाकुर पुलिस लाइन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कजलियां पर्व पर मेला स्थलों की तैयारियां दुरूस्त



कजलिया पर्व को लेकर नगर निगम प्रशासन द्वारा मेला स्थलों आजाद चौक गटरघाट एवं लल्लू भैया की तलैया सहित पहुंच मार्गों में की जा रही तैयारियां लगभग अंतिम चरण में पहुँच गई हैं। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा विगत दिवसों कजलिया मेला स्थल के निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशानुसार शहर के प्रमुख मार्गों, मंदिर परिसर एवं मेला स्थल, पहुंच मार्ग पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाकर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण किया जा रहा है। निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में कजलिया मेला के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पेयजल व्यवस्था, अस्थाई शौचालय, प्रकाश व्यवस्था एवं बैरिकेडिंग सहित आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। वहीं मेले के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर सुचारू आवागमन की व्यवस्था की गई है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे कजलिया पर्व को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं ।

# पेड़ों को राखी बांध सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र की हल्का नर्सरी में पेड़ पौधों को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लोगों को प्रकृति से जोड़ रहा है। ढीमरखेड़ा तहसील की अतरसूमा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम हल्का में पंचायत सचिव कुंज बिहारी चम्पुरिया की पहल पर साल 2007 से पौधारोपण कर नर्सरी तैयार की।फिर रक्षा बंधन पर छोटे और बड़े सभी पौधों को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। नर्सरी में उस समय लगाए पौधें आज वृक्ष बनकर न केवल छाया दे रहे हैं बल्कि फल भी मिलने लगे हैं।पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय पहल करने वाले पंचायत सचिव कुंज बिहारी चंपुरिया बताते हैं कि 18 साल पहले शुरू हुए इस प्रयास का फल यह है कि आज हल्का नर्सरी में 16 एकड़ के क्षेत्र में करीब ढाई हजार पौधें पेड़ बनकर तैयार है। वहीं साल 2022 में सिलौंड़ी तहसील परिसर में भी 400 पौधें लगाएं गए, जो पेड़ों का आकार ले रहे हैं।इन पेड़ों ने क्षेत्र का स्वरूप बदल दिया है।सैकड़ों लोगों के जीवन को स्वच्छ और सुंदर बनाए हुए हैं। हर साल वे ग्रामीणों के साथ रक्षा बंधन पर पेड़-पौधों को राखी बांधते हैं। इस बार भी सचिव कुंजबिहारी चम्पुरिया ने अतरसूमा सरपंच सुशील परस्ते,सिलौंड़ी उपसरपंच राहुल राय,जनशिक्षक संतोष बर्मन, अतुल चम्पुरिया,श यामदत्त राय,धीरज जैन,सुभाष सोनी सहित अन्य ग्रामीणों के साथ हल्का नर्सरी और सिलौड़ी के तहसील परिसर में लगे पेड़ पौधों को माला पहनाकर राखी बांधी और सुरक्षा का संकल्प दोहराया।

**खस्ताहाल सड़कों की वजह से विद्यार्थी व राहगीर हो रहे परेशान**

# बड़वारा विधानसभा क्षेत्र की खराब सड़कों को बनवाने मुख्यमंत्री से विधायक ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



बड़वारा विधायक धीरेंद्र सिंह बहादुर ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया की पिछले वर्ष अतिवृष्टि वर्षा होने के कारण बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के ढीमरखेड़ा कई ग्रामों की सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी जो की आज तक सुधार कर नहीं किया गया जिस कारण से जनता को आने जाने में असुविधा हो रही है एवं विद्यालय जाने के लिए छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त रास्ता तय करके विद्यालय जाना पड़ रहा है समय से विद्यालय नहीं पहुंच पा रहे है जिससे छात्रों को कठिनाई हो रही है समाजसेवी योगेंद्र सिंह ठाकुर ने बतलाया कि विधायक द्वारा जानकारी मांगी गई थी बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के किन गांव में बारिश के कारण पुल पुलिया एवं रोड क्षतिग्रस्त हुए थे उन गांव नाम हम लोगों के द्वारा क्षेत्र से जानकारी लेकर भेजी गई है परसेल से घुघरा सारंगपुर से खंडवारा छोटा कछार गांव से टोपी कारी पत्थर से मढाना छोटा कछार गांव से घुघरा पुल पुलिया एवं क्षतिग्रस्त हुए रोडो की मरम्मत करवाने की बात रखी गई है

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में बारिश के दोनों ऐसे कई ग्राम है जो की रोड खराब होने के कारण ना ही एंबुलेंस गांव तक पहुंच पा रही और ना ही मरीज को सुविधा मिल पा रही मरीज को गांव से में रोड तक डोली एवं खटिया में लड़कर अस्पताल पहुंचाया जा रहा है इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशन किया था और क्षेत्रीय विधायक तक यह मामला योगेंद्र सिंह ठाकुर ने इस घटना की सूचना दी जिस कारण से विधायक के द्वारा मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पत्र के माध्यम से नवीन सड़कों का निर्माण किया जाए जिससे लोगों एवं छात्र छात्राओं और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो सके ऐसे गांव की रोडो को मुख्य मार्ग से गांव तक नवीन डामली कारण किया जावे जैसे करही से खराहनी मार्ग हरदी से ककराहिया मार्ग सारंगपुर से सगमा मार्ग थे दशरमन से संतरा मार्ग करही से नैनवा खम्हा मुख्य मार्ग तक की बात मुख्यमंत्री को पत्र देकर सड़क बनवाने मांग की गई है।

**अभियान चलाया किया जा रहा ई केवायसी का कार्य**

# जिले के 11.34 लाख लोगों की हुई समग्र ई केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 11 लाख 34 हजार 211नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का 78.2 फीसदी है।

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में जनपद पंचायत कटनी जिले में अव्वल है। जहां अब तक 1 लाख 35 हजार 493 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 56 हजार 102 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य ही पूरा हो सका है।

इसी प्रकार जनपद पंचायत बहोरीबंद में अब तक 1 लाख 86 हजार 932, नगर परिषद विजयराघवगढ़ में 7 हजार 768 लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ मे 1 लाख 68 हजार 521,नगर परिषद कैमोर में 13 हजार 229 और जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 15 हजार 603, समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। इसके अलावा, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 1 लाख 61 हजार 723, नगर परिषद बरही में 12 हजार 429 एवं जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 76 हजार 411 ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य हो चुका है।

जिले के नागरिकों के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

### नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आवेदन 13 अगस्त तक

**कटनी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाईन प्रारंभ है। आवेदन पत्र भरने की तिथि 13 अगस्त निर्धारित की गई है। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु निःशुल्क ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। चयन परीक्षा हेतु आवेदन करने की पात्रता उन विद्यार्थियों को ही है जो कि कटनी जिले में सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हों एवं कटनी जिले के ही निवासी हों।चयन होने की स्थिति में विद्यार्थी एवं पालक का कटनी जिले के निवास का प्रमाण (जो कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित हैं) देना अनिवार्य होगा। जो विद्यार्थी जिस विकासखण्ड के विद्यालय में अध्ययनरत हैं उसी विकासखण्ड का उल्लेख आवेदन पत्र में करेंगे। आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारी सही एवं सावधानी पूर्वक भरेंगे। विद्यालय सरकारी या मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है।

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक खानपान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद मैं विश्व स्तनपान सप्ताह अभियान चलाया जा रहा था जिसका समापन हो गया। शुक्रवार को कुआँ सेक्टर की ग्राम पंचायत राखी मैं सुपोषण दिवस मनाया गया । सुपोषण दिवस के अवसर पर शारीरिक रूप से कमजोर चिन्हित गर्भवती माताओ को पोषण युक्त आहार का सेवन कराया गया जिसमें जन सहयोग से जो पौष्टीक सब्जियाँ मिली उन्हें पोषण मटका मे एकत्रित किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार लेने संबंधित जानकारी दी गई।

पर्यवेक्षक रानी ठाकुर ने किशोरियों, महिलाओं व बच्चों के लिए सही पोषण व खानपान के बारे में जागरूक किया। कहा कि एक स्वस्थ शरीर के लिए बेहतर खान-पान का होना बहुत ही जरूरी है। सभी को खान-पान के प्रति सजग व जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेषकर लड़कियों व महिलाओं को अपने आहार के प्रति जागरूक होना चाहिए। बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में पौष्टिक आहार की अहम भूमिका होती है। इसलिए महिलाएं अपने खानपान का ध्यान रखें और अपने बच्चों का पालन पोषण बेहतर ढंग से करें। अभियान में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए भोजन के सही तरीके से पकाने व खाने के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही किशोरी बालिकाओं, गर्भवती ओर धात्री महिलाओं को वृद्धि निगरानी ओर बच्चों के वजन के विषय मे जानकारी दी। किशोरी बालिकाओं को एनीमिया की रोकथाम के बारे मे जानकारी दी गईं। इस दौरान स्वास्थ्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व महिलाओं की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### 91 लाख रूपये से अधिक की सहायता राशि अंतरित

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मानसून काल के दौरान सर्पदंश, आकाशीय बिजली, पानी में डूबने से हुई जनहानि, मकान क्षति और अन्य प्रकार के नुकसान से कटनी जिले के प्रभावित 329 पीड़ित परिवारों के बैंक खाते में शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिंगल क्लिक द्वारा 91 लाख 88 हजार 550 रुपये की आर्थिक सहायता राशि अंतरित किया। कटनी कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। यहां पहुंचे आपदा प्रभावितों ने इस कार्यक्रम को देखा। आर्थिक सहायता राशि पाकर आपदा पीड़ितों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त किया। इस दौरान एनआईसी कक्ष में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंह मारे उइके और अमृता गर्ग सहित आपदा प्रभावित हितग्राही बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ी

**कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 की फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। अऋणी किसानों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 14 अगस्त कर दी गई है। वहीं, ऋणी किसान अब 30 अगस्त तक फसलों का बीमा करा सकेंगे। अऋणी कृषक अपनी फसल का बीमा कराने के लिए अपनी नजदीकी बैंक शाखा (सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक या राष्ट्रीयकृत बैंक), जनसेवा केंद्र या एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। बीमा कराने के लिए घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण एवं बुवाई प्रमाण पत्र ले जाकर जाना होगा। खरीफ में अनाज और दलहन फसलों के लिए प्रीमियम राशि, बीमित राशि का 2 प्रतिशत निर्धारित की गई है। उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा ने सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वे अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराकर किसी भी असामान्य परिस्थिति में होने वाले नुकसान की भरपाई सुनिश्चित करें।

### जिला चिकित्सालय के निरीक्षण हेतु संयुक्त समिति गठित

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी में साप्ताहिक निरीक्षण और पर्यवेक्षण की कार्यवाही हेतु डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति के सचिव कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शारदा सिंह को बनाया गया है। सदस्य के रूप में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पवनसुत गुप्ता, म.प्र. राज्य विद्युत मंडल के कार्यपालन यंत्री मुकेश महोबे और नगर निगम कटनी के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को शामिल किया गया है। संयुक्त निरीक्षण समिति को निर्देशित किया गया है कि वे शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी के निरीक्षण का साप्ताहिक प्रतिवेदन प्रत्येक समय-सीमा की बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे

### हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के लिए टीम गठित

**कटनी।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार के निर्देशानुसार, जिले में ₹हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग₹ अभियान को तीन चरणों में सफलतापूर्वक लागू करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर टीम का गठन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत को टीम अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि आयुक्त नगर पालिक निगम, प्राचार्य शासकीय तिलक महाविद्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला जनसंपर्क अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। नियुक्त किए गए नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों को अभियान के कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित कराने और की गई सभी गतिविधियों की जानकारी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिये गए हैं।

---

### अति व्यस्ततम क्षेत्र में चल रहे बैंकों के बाहर बेतरतीब ढंग से पार्किंग

# बैंक परिसरों के बाहर नहीं है पार्किंग व्यवस्था, आड़े तिरछे वाहनों से जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के सुगम यातायात की राह में बेतरतीब पार्किंग व्यवस्था अवरोधक बन रही है। नगर के मुख्य मार्गों के किनारे संचालित बैंक परिसरों में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के चलते यहां पहुंचने वाले लोग अपने वाहनों की पार्किंग सड़क पर ही खड़ा कर देते हैं जिससे मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

नगर के अति व्यस्ततम क्षेत्र सुभाष चौक क्षेत्र तिराहे में यूनियन बैंक शाखा संचालित है लेकिन पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इस मार्ग व्यस्ततम मार्गों में से एक है। दिन भर यहां वाहनों का दवाब बना रहा है। बैंक में भी रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं और अपने वाहन सड़क पर ही खड़ा कर देते हैं। सुभाष चौक से कुछ ही दूरी पर विश्वकर्मा पार्क के समीप बैंक ऑफ इंडिया की शाखा संचालित है। इस मार्ग के भी हाल कुछ इसी तरह के हैं। बैंक शाखा के सामने वाहनों की लंबी कतार लगती है जिससे मार्ग अवरूद्ध होता है। बैंक में अधिक संख्या में लोगों के पहुंचने पर मुख्य मार्ग पार्किंग स्थल में तब्दील हो जाता है। सड़क के दोनो ओर दोपहिया वाहनों की कतारें लग जाती है जिससे जाम लगता है। इसके अलावा नगर निगम कार्यालय के सामने ही पंजाब नेशनल बैंक संचालित है। यहां भी वाहनों की कतारें देखी जा सकती हैं। बैंकिंग कार्य से रोजाना ही बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के चलते मजबूरी में कहीं भी वाहन खड़े कर देते हैं।

#### जारी किये गये थे आदेश

पूर्व कलेक्टर द्वारा बैंक परिसरों में पार्किंग की व्यवस्था कराये जाने के आदेश जारी किये गये थे। बैंक परिसरों में पार्किंग समस्या काफी लंबे समय से है लेकिन इस ओर किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। कई बार मार्ग अवरूद्ध होने के चलते नगर निगम व पुलिस द्वारा वाहन चालकों पर जुर्माना कार्यवाही भी की जा चुकी है लेकिन बैंक परिसरों में पार्किंग व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दिया गया।





---



## कलेक्टर और एसपी ने लिया कान्क्लेव स्थल का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने अधिकारियों की बैठक लेकर 23 अगस्त 2025 को कटनी में संभावित माइनिंग कान्क्लेव के मद्देनजर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने माइनिंग कान्क्लेव में आने वाले उद्योगपतियों, निवेशकों और विशिष्ट आगंतुकों की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया,एस डी एम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, निगमायुक्त नीलेश दुबे, उपसंचालक माइनिंग श्री रत्नेश दीक्षित, लोकनिर्माण विभाग की कार्यपालन यंत्री शारदा सिंह, विवेक श्रीवास्तव , यातायात निरीक्षक राहुल पांडेय सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के बाद कलेक्टर श्री यादव और पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा ने प्रस्तावित माइनिंग कान्क्लेव आयोजन स्थल होटल अरिंदम का भ्रमण किया।इस दौरान अधिकारियों की की टीम भी मौके पर उपस्थित रही।

कलेक्टर श्री यादव ने मंचीय व्यवस्था, विभिन्न माइनिंग एवं अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी स्थल, निवेशकों और उद्योगपतियों के साथ मुख्यमंत्री की वन -टू-वन चर्चा सहित वाहनों की पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

---

### डा भीमराव अंबेडकर कामधेनू योजना की गई है प्रारंभ

## डेयरी इकाइयों के लिए मिलेगा सरकारी अनुदान और बैंक ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य में दूध और दुग्ध उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने तथा पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ₹डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना₹ शुरू की गई है।

इस योजना में डेयरी इकाइयों की स्थापना के लिए बैंक ऋण सुविधा के साथ-साथ शासकीय अनुदान प्रदान किया जाएगा।

यह हितग्राही मूलक योजना मध्यप्रदेश में निवास करने वाले सभी पशुपालकों के लिए है। योजना के तहत एक हितग्राही एक या एक से अधिक इकाई (अधिकतम 8 इकाइयां, 200 दुधारू पशु) ले सकता है। प्रत्येक इकाई के लिए न्यूनतम 3.50 एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है। यदि भूमि छोटे-छोटे भागों में है, तो संपूर्ण भूमि एक ही तहसील में होनी चाहिए। परिवार के सामूहिक भूमि खाते भी मान्य होंगे, बशर्ते अन्य सदस्यों की सहमति हो। वर्तमान में दुग्ध संघों या प्रोड्यूसर कंपनियों को दूध की आपूर्ति कर रहे पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदक को किसी भी बैंक का डिफॉल्टर नहीं होना चाहिए।

यह योजना ₹पहले आओ, पहले पाओ₹ के आधार पर संचालित होगी। इस योजना के अंतर्गत 25 दुधारू पशुओं की इकाई स्थापित की जाएगी। इसमें केवल गौवंश या केवल भैंसवंश ही हो सकते हैं, और सभी पशु एक ही प्रजाति (नस्ल) के होंगे।

इकाई में भारतीय मूल की देशी नस्लें जैसे साहीवाल, गिर, थारपारकर, रेड सिंधी, संकर नस्लें जैसे एच.एफ. जर्सी और भैंसों में मुर्रा, भदावरी, सूरती, मेहसाना शामिल होंगी।

एक इकाई की लागत देशी गाय की नस्ल के लिए 36 लाख रुपये और संकर गाय, भैंस के लिए 42 लाख रुपये निर्धारित की गई है।

योजनांतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी के हितग्राहियों के लिए परियोजना लागत का 33 प्रतिशत जबकि अन्य श्रेणी के हितग्राहियों के लिए परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा।जबकि ऋण की अधिकतम अवधि 7 वर्ष होगी, जिसमें बैंक द्वारा पहली किस्त के वितरण के 6 माह बाद मासिक किस्तें शुरू होंगी।

योजनांतर्गत क्रय किए जाने वाले पशु प्रथम या द्वितीय व्यांत के होने चाहिए और उनका दुग्ध उत्पादन भैंसों में 8 लीटर, संकर गाय में 10 लीटर और देशी गाय में 7 लीटर प्रतिदिन से कम नहीं होना चाहिए। पशु राज्य के बाहर से खरीदे जाएंगे और उनका ट्रांजिट इंश्योरेंस अनिवार्य होगा। पशुओं की खरीद प्रत्येक 4 माह के अंतराल पर 3 चरणों में होगी (पहले चरण में 9 और शेष 2 चरणों में 8-8 पशु)।

---

### राखी मेकिंग एवं मेहंदी लगाई प्रतियोगिता का आयोजन



स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र अंतर्गत बिचुआ स्थित ज्ञान मंगलम पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चो के बीच राखी मेकिंग और थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया! जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया! इस कंपटीशन का उद्देश्य भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत रखना और बच्चो मै रचनात्मकता के साथ साथ भावनात्मक जुड़ाव को भी प्रोत्साहित करना था! प्रतियोगिता के दौरान बच्चो की कल्पना शक्ति और कला कौशल देखते ही बन रही थी!खास बात यह रही कि बनाई गई स्वयं की राखी को छात्रों को बंधी गई जिससे पूरे माहौल में भाई बहन के पवित्र रिश्ते की झलक दिखाई दी! स्कूल की प्राचार्या सोहनी जैन ने इस आयोजन को सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चो को न हमारी परंपरा से जोड़ते है बल्कि उनमें संवेदनशीलता कला और भाईचारे की भावना को बढ़ाते है।

---

## बहनों ने राखी बांधी, भाईयों ने दिया रक्षा का वचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



तहसील मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों रक्षाबंधन का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधी और मिठाइयां खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर रक्षा करने का वचन दिया। यह पर्व हमारी भारतीय संस्कृति की उस अमूल्य परम्परा का प्रतीक है जिसमें स्नेह, संरक्षण और समर्पण के भाव जुड़े है बहनों का विश्वाश और भाइयों का कर्तव्य बोध समाज को एक मजबूत आधार देते है आज जब हम आत्मनिर्भर और समर्थ भारत की दिशा में आगे बढ़ रहे है तब रक्षा बंधन का संदेश हमे याद दिलाता है कि हम सभी एक दूसरे की जिम्मेदारी है इस शुभ अवसर पर भाइयों ने अपनी बहनों ,माताओं,और हर जरूरत मंद के मान सम्मान और सुरक्षा के लिए सदेव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

रक्षाबंधन एक बहुत ही खास भारतीय पर्व है जो भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है . इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की प्रार्थना करती हैं. वहीं भाई अपनी बहनों को उपहार देते हैं और उनका हमेशा ख्याल रखने का वचन देते हैं यह त्यौहार पूरे भारत में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। रक्षा बंधन एक ऐसा त्यौहार है जो भाई-बहन के रिश्ते को और भी मजबूत करता है. यह सिर्फ धागा नहीं, बल्कि एक ऐसा बंधन होता है जो दोनों के बीच स्नेह, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक बन जाता है. इस दिन बहनें अपने भाई की लंबी उम्र, सुरक्षा और खुशहाली की कामना करती हैं और भाई यह वादा करते हैं कि वे हर परिस्थिति में बहन का साथ देंगे।

---

### तेवरी में धूमधाम से मनाया गया विश्व आदिवासी दिवस

## प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन में आदिवासी समुदाय का है अहम योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

युवाजन सेवा समिति तेवरी एवं छात्र सभा के द्वारा ग्राम तेवरी में 9 अगस्त 2025 शनिवार को "विश्व आदिवासी दिवस" मनाया गया। विश्व आदिवासी दिवस मनाने के पीछे आदिवासी समुदायों के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों प्रचार प्रसार था। प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में इस आदिवासी समुदाय का विशेष योगदान आज तक है!भगवान बिरसा मुंडा हमेशा जमीन से जुड़े लोगों के उत्थान के लिए एक अग्रदूत के रूप में कार्य किया। जिन्हें इन्हीं कार्यों के कारण जनमानस में भगवान की उपाधि दी गई है। ग्राम तेवरी एवं आसपास के क्षेत्र विकास के लिए 2005 में स्थापित युवा जन सेवा समिति तेवरी एवं छात्र सभा के द्वारा सर्वप्रथम सुबह भटिया तेवरी लखनवारा होते हुए तेवरी के मुख्य मार्ग में एक भव्य व विशाल रैली आयोजित की गई, जिसका रामलीला मैदान में समापन कार्यक्रम हुआ!जहाँ मंचासीन अतिथियों के द्वारा 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर संबोधित करते हुए आदिवासी समुदाय के उल्लेखनीय कार्यों को बताया।



कार्यक्रम को अवसर सिंह, हल्कू सिंह परस्ते, लखन उपाध्याय, अरविंद शाह, सुलोचना सिंह, मनीषा धुर्वे, मृत्युंजय सिंह, दिनेश झारिया, तान सिंह मार्को, बैजनाथ भूमियां, इंजीनियर यजुवेंद्र यादव, प्रशांत जैन, सरपंच कल्लूदास बैरागी,बलबीर सिंह ने संबोधित करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित करते हुए जन मानस को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं भगवान बिरसा मुंडा के द्वारा किए गए महान कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन व्यायाम शिक्षक महेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्र सभा के युवराज सिंह धुर्वे और बैजनाथ भूमियां ने सभी का आभार प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष बसंत जायसवाल, रविन्द्र नाथ झारिया, रामशरण जायसवाल, सुरेंद्र झारिया, संतोष सोनी, उमेश चौबे, सचिन गुप्ता, दुर्गा प्रसाद कोल, हरि सिंह ठाकुर, निशांत झारिया, अट्ठी कोल,अमृत सिंह परस्ते, संजय कुशवाहा, राकेश रैदास, राजकुमार, आदर्श सिंह, प्रियांशु गुप्ता, विनोद सिंह, देवेंदु यादव, इंद्रजीत सिंह, वेद प्रकाश चौधरी, अभिलाष चक्रवर्ती आदि की उपस्थिति रही।

---

### 15 अगस्त से शुरू होगा पौधे लगाने का कार्य

## समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्व -सहायता समूह की महिलाओं को प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से समृद्ध बनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत ₹एक बगिया मां के नाम₹ परियोजना शुरू की गई है। इसके अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं की निजी भूमि पर फलोद्यान की बगिया विकसित की जाएगी। इसके लिए पंजीयन ₹एक बगिया मां के नाम₹ ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत हितग्राहियों को पौधे, खाद, गड्ढे खोदने के साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए कटीले तार की फेंसिंग और सिंचाई के लिए 50 हजार लीटर का जल कुंड बनाने के लिए राशि प्रदान की जाएगी।

एक बगिया मां के नाम परियोजना का लाभ लेने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का चयन एक बगिया मां के नाम ऐप से किया जा रहा है। ऐप का निर्माण मनरेगा परिषद द्वारा एमपीएसईडीसी के माध्यम से कराया गया है। हितग्राही का चयन ऐप के माध्यम से किया जाएगा। चयनित महिला हितग्राही के नाम पर भूमि नहीं होने की दशा में उस महिला के पति-पिता-ससुर-पुत्र की भूमि पर उनकी सहमति के आधार पर पौधरोपण किया जाएगा।

पहली बार अत्याधुनिक तरीके से पौधरोपण का कार्य किया जायेगा ।इसके लिए सिपरी सॉफ्टवेयर की मदद ली जा रही है। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से पौधरोपण के लिए जमीन का चयन वैज्ञानिक पद्धति के माध्यम से किया गया है। जमीन चिन्हित होने के बाद सॉफ्टवेयर की मदद से ही भूमि का परीक्षण किया गया है। जलवायु के साथ ही किस जमीन पर कौन सा फलदार पौधा उपयोगी है, पौधा कब और किस समय लगाया जाएगा, पौधों की सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी कहा पर उपलब्ध है, यह सब वैज्ञानिक पद्धति (सिपरी सॉफ्टवेयर) के माध्यम से पता लगाया जा रहा है। साथ ही, जमीन के उपयोगी नहीं पाए जाने पर पौधरोपण का कार्य नहीं होगा। पौधरोपण का कार्य बेहतर ढंग से हो इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

"एक बगिया माँ के नाम'' परियोजना अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं को लाभ मिलेगा। इनकी निजी जमीन पर फलदार पौधे लगाएं जाएंगे, जो समूह की महिलाओं की आर्थिक समृद्धि का आधार बनेंगे।

₹एक बगिया मां के नाम₹ परियोजना अंतर्गत प्रत्येक ब्लॉक में न्यूनतम 100 हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। चयनित हुई समूह की पात्र महिलाओं को बकायदा प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण महिलाओं को वर्ष में दो बार दिया जाएगा।

₹एक बगिया मां के नाम₹ परियोजना का लाभ लेने के लिए चयनित हुई समूह की महिला के पास बगिया लगाने के लिए भूमि भी निर्धारित की गई है। चयनित महिला के पास न्यूनतम 0.5 या अधिकतम एक एकड़ जमीन होना अनिवार्य है।

#### प्रति 25 एकड़ पर एक कृषि सखी की होगी तैनाती

फलोद्यान की बगिया लगाने के लिए चयनित हितग्राहियों की सहायता के लिए कृषि सखी की तैनाती की जाएगी। कृषि सखी हितग्राहियों को खाद, पानी, कीटों की रोकथाम, जैविक खाद, जैविक कीटनाशक तैयार कराने और अंतरवर्तीय फसलों की खेती के बारे में जानकारी प्रदान करेंगी।

---

## स्वतंत्रता दिवस समारोह स्थल झिंझरी पुलिस ग्राउंड का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने झिंझरी स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में पहुंचकर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को आयोजित होने वाले कार्यक्रम से संबंधित जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी एवं निगमायुक्त नीलेश कुमार दुबे मौजूद रहे।



#### व्यवस्थाएं करने के निर्देश

कलेक्टर श्री यादव ने मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को मैदान के जिन स्थलों में वाटर लॉगिंग हो रही है वहां समुचित व्यवस्था कर मैदान को व्यवस्थित करने और संभावित बारिश के मद्देनजर वाटर प्रूफ पंडाल लगाने की हिदायत दी। इसके साथ उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वतंत्रता दिवस के दिन संदेश के सीधे प्रसारण को कार्यक्रम स्थल में देखने और सुनने की व्यवस्था के लिए एलईडी टीवी लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा समारोह स्थल में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड वाहनों की तैनाती आदि के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने निर्देशित करते हुये कहा कि समारोह के दौरान मार्च पास्ट कार्यक्रम के संबंध में दिशा-निर्देश दिये। साथ ही मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के निर्बाध प्रसारण के लिए समुचित व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्शन आदि व्यवस्थित स्वरूप में करने के निर्देश भी दिए।

खबर संक्षेप

## प्रेम, सौहार्द के साथ जिले भर में मनाया गया राखी का पर्व

### उप जेल पवई में मनाया गया रक्षा बंधन का पर्व

**पवई।** देश भर में भाई बहिन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षा बंधन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दिन बहिनें सुबह सुबह तैयार होकर पारंपरिक परिधानों में अपने अपने भाइयों की कलाईयों पर रक्षा का सूत्र राखी बांधती और रोली का तिलक लगाकर आरती करती हुए उनको मिष्ठान खिलाकर उनकी लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना की करती हैं। पवई नगर सहित पूरे क्षेत्र में भी रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लाह के साथ मनाया जा रहा। बहनों ने अपने-अपने भाइयों की सूनी कलाई में राखी बांधते हुए उनकी लंबी उम्र की सुख समृद्धि की कामना की,भाइयों ने भी उनकी जीवन भर रक्षा करने का वचन दिया। उप जेल पवई में भी शासन के निर्देश के अनुसार रक्षाबंधन पर्व सौहार्द और शांति के साथ मनाया गया। जेल में बंद कैदी भाइयों को उनकी बहनों के द्वारा उप जेल पहुंचकर राखी बांधी गई,इस दौरान प्रशासन के द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस के अनुसार पंजीयन उपरांत बहनों को जेल के अंदर प्रवेश दिया गया , इसके बाद उन्होंने अपने अपने भाइयों को राखी बांधी। इस दौरान जेल प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के साथ भाई बहनों को मिलने के लिए, तमाम प्रकार के इंतजाम भी किए गए। जेल अधीक्षक मुनींद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित समय के अनुसार जेल में 50 कैदियों को लगभग 95 बहनों ने आकर राखी बांधी, इसके साथ अभी लगातार मुलाकात और राखी बांधने का सिलसिला जारी है, इसके साथ ही उन्होंने सभी को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दी। बता दें कि रक्षाबंधन जिसे राखी भी कहा जाता है। यह एक हिंदू त्यौहार है,जो भाई बहिन के पवित्र बंधन का जश्न मनाता है। यह पर्व श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है,पुराणों में भी इसके लिए उल्लेख मिलते हैं। एक कथा अनुसार जब भगवान कृष्ण ने शिशुपाल का वध किया था,तब उनकी उंगली में सुदर्शन की वजह से चोट लग गई थी, द्रोपती ने अपनी साड़ी का टुकड़ा फाड़ कर उनकी उंगली पर बांध दिया था,इससे प्रसन्न होकर भगवान कृष्ण ने द्रोपती को हर संकट में रक्षा करने का वचन दिया था।

### पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी ने एक-एक तुलसी का पौधा लगाने का संकल्प लिया

# सुरई घाट पर मनाया श्रावणी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



गायत्री परिवार के परिजनों ने श्रावणी पूर्णिमा को रामगोपाल जी वार्ड के सुरई घाट पर 46 वें वर्ष में श्रावणी पर्व उल्लासमय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में कार्यक्रम का शुभारंभ गंगा मैया की जयकार के साथ हेमाद्रि संकल्प से हुआ। परिजनों ने भस्म, मृत्तिका, गोबर, गोदुग्ध, गोदधि, गोमूत्र, गोघृत , कुशा, सर्वोषधी ,शहद, आदि 10 द्रव्यों से वेदमंत्रों के साथ पृथक-पृथक 10 स्नान किये। तत्पश्चात नवीन यज्ञोपवीत धारण किया। प्रज्ञापुत्र डॉ सी एल नेमा ने मानव जीवन में द्रव्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉक्टर नेमा ने बताया कि यज्ञोपवीत का जीवन में त्याग, पवित्रता, तेजस्विता एवं परमार्थ के कार्यों को करने का प्रतीक माना गया है। यज्ञोपवीत के तीन धागे ब्रह्मा , विष्णु एवं महेश के प्रतीक हैं गायत्री जप करने वाले साधकों को यज्ञोपवीत धारण करना अति आवश्यक है। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में शिवालय के प्रांगण में दीप यज्ञ हुआ श्रावणी पर्व पर पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी ने एक-एक तुलसी का पौधा लगाने का संकल्प लिया यज्ञ के दौरान श्री माखनलाल नेमा सेवा नि शिक्षक का जन्म दिवस मनाया गया। पुष्प वर्षा कर सभी ने उनके दीर्घ जीवन की कामना की.। रामकिशोर दुबे ने सभी की कलाइयों पर राखियाँ बांधी। इस अवसर पर अरुण पटेल,बलराम सराफ, सुशील सेलट, सुरेश कडेरा, भागचंद साहू, एमपी बाथरे, मुरारी पटेल, बालचंद पटेल, शालिग्राम के अलावा अनेक परिजनों की उपस्थिति रही।

## आयुष्मान कॉर्ड पात्रतानुसार बनाये जायेंगे - कलेक्टर

**दमोह ।** श्रमिक भाइयों और श्रमिक बहनों से एक विशेष अनुरोध है कि ऐसे श्रमिक जो दमोह में किल्लाई नाका, तीन गुल्ली, बस स्टेशन या जबलपुर नाका एरिया में सुबह-सुबह मजदूरी के लिए जाते हैं और खड़े रहते हैं। आप सबके आयुष्मान कार्ड बनाने का काम जिला प्रशासन करने जा रहा हैं और यह आयुष्मान कार्ड आप जहां बैठेंगे वहीं पर बनाने का काम किया जाएगा। इस सम्बंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया आने वाले सोमवार यानी 11 अगस्त को प्रातः 8 बजे से टीम वहीं पर आएगी जहां पर आप खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा तीन गुल्ली, किल्लाई नाका, जबलपुर नाका, बस स्टैंड ऐसे एरियाज में जहां श्रमिक भाई खड़े रहते हैं और वहीं पर टीम एक बैनर लगाकर और एक टेबल लगाकर बैठेगी। उसमें आयुष्मान मित्र होंगे तो आपका आयुष्मान कार्ड पात्रता के अनुसार बनाया जाएगा। इसके लिए आपको अपना आधार कार्ड जरूर लेकर आना है और समग्र आईडी आपकी हो और आधार कार्ड हो तो बहुत बढ़िया है। यह लेकर क्या आइए और 05 लाख तक का निःशुल्क इलाज आपको चिकित्सालयों में मिलेगा। यह बहुत अच्छी योजना राज्य सरकार की है। कृपया इसका पूरा फायदा उठाएं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा श्रमिक जो सुबह सुबह किल्लाई नाका, जबलपुर नाका, तीन गुल्ली, बस स्टेशन एरिया में रहते हैं, उनके लिए सुबह 08 बजे से लेकर के यह शिविर प्रतिदिन लगाएंगे। एक काउंटर लगेगा, जिसमें आयुष्मान मित्र बैठेंगे। आप कृपया अपना आधार कार्ड और समग्र आईडी लेकर आइए और अपना आयुष्मान कार्ड बनाइए ताकि 05 लाख तक का आपको इलाज की सुविधा फ्री में प्राप्त हो सके।

### बाढ़ से पीड़ित बहनों के गांव पहुंचकर बंधवाई राखी

## संकट के समय में आपका भाई आपके साथ खड़ा है-राज्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र की जनपद तेंदूखेड़ा के ग्रामों में विगत दिनों आई बाढ़ आपदा से जन जीवन अस्त व्यस्त हुआ था, जिसमें झमरा ग्राम भी बाढ़ आपदा की चपेट में आने से आमजन के दर्द को जानते हुए स्थानीय विधायक एवं प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ग्राम झमरा पहुंचे और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनों से बारी-बारी से राखी बंधवाई। राखी बंधवाते वक्त मंत्री श्री लोधी ने साड़ी, मिठाई और उपहार बहनों को भेंट किये। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि मैंने आप सभी का दर्द मेरे हृदय में विराजमान है संकट के समय में आपका भैया धर्मेंद्र आप सभी के साथ खड़ा है आप सभी के साथ जबेरा विधानसभा की 70 हजार लाड़ली बहनों मेरी बहनें हैं मैं आप सभी को किसी भी प्रकार से दुख या कष्ट नहीं रहने दूंगा।कल माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी बाढ़ से पीड़ित परिवारों को सिंगल क्लिक के माध्यम से विधानसभा में 1.24 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की है। हमारी सरकार ने तय किया और बहनों का त्योहार रक्षाबंधन के पावन अवसर पर 1250 एवं 250 रुपये का शगुन देने का कार्य किया है हमारी सरकार अभी 1 साल में 15 हजार देने का कार्य करती कभी सोचा है कि सगा भाई भी आपको 15 हजार नहीं देता होगा लेकिन हमारी सरकार दे रही और अभी हम यहां रुकने वाले नहीं हैं दीपावली से आप सभी के बैंक खाते में 1250 रुपए से बढ़कर 1500 रुपये करने वाली है। इस राशि को निरंतर हम प्रतिवर्ष बढ़ाते जाएंगे और यह राशि 3000 तक पहुंचेगी। हमारी सरकार और हम आपकी निरंतर चिंता कर रहे हैं।

## वैदिक विधान के साथ बांदकपुर में ब्राह्मणों ने मनाया श्रावणी पर्व



**बनवार।** श्रावण मास की पूर्णिमा अर्थात रक्षाबंधन पर वैदिक कर्मकांड एवं उपरोहित कर्म करने वाले शहर के समस्त आचार्य होने वैदिक विधान के साथ बांदकपुर धाम में श्रावणी उपाकर्म मनाया। पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री ने बताया कि वैदिक ब्राह्मण यज्ञोपवीत अर्थात जनेऊ में देवता ,पितृ ,ऋषियों और ब्रह्मा को ब्रह्म गांठ में आवाहन करके उन्ही यज्ञोपवीत को वर्ष पर्यंत धारण करते हैं। उपाकर्म का बहुत महत्व है क्योंकि इसका संबंध पवित्र ब्रह्म सूत्र से है जिसके तीन धागे देवऋण, पितृऋण और ऋषिऋण के प्रतीक माने जाते हैं साल में एक बार आने वाला यह पवित्र कर्म आत्मशुद्धि का का पर्व माना जाता है। प्राचीन समय में यज्ञोपवीत धारण करने वाले ब्राह्मण किसी पवित्र नदी तालाब या पवित्र तीर्थ स्थल पर एकत्रित होते थे इसके बाद गुरु के निर्देश के अनुसार इस वैदिक कर्म जनेऊ को बदलने के लिए किया जाता था। विद्वान सबसे पहले दूध दही घी गोबर गोमूत्र भस्म पंचगव्य से स्नान के बाद तर्पण आदि करके हाथ में कुशा लेकर प्रायश्चित संकल्प किया करते थे। खुशी प्राचीन परंपरा को आज भी सभी विद्वान करते हैं आज सबसे पहले बांदकपुर मैं स्थित चोपड़ा कुंड में तर्पण करके फिर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने के बाद यज्ञ मंडप में सभी आचार्यों ने उपाकर्म संपन्न किया जिसमें मुख्य रूप से आचार्य पं.कुंजीलाल डिम्हां मंदिर प्रबंधक पं.राम कृपालु पाठक, पं.केदारनाथ दुबे पुरोहित संघ अध्यक्ष पं. अजय गर्ग पं.आशीषकृष्ण शास्त्री पं.रवि शास्त्री,पं.विकाश पाण्डेय, पं.नरेंद्र पं.कृष्णकांत सहित शहर से बड़ी संख्या में विद्वानों ने इस कार्य को संपन्न किया।

## हाईस्कूल में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**हटा।** शासकीय हाई स्कूल परिसर रसीलपुर में ₹ हर घर तिरंगा ₹ हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली, वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था की छात्रा छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल परिसर रसीलपुर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षा बंधन पर्व के अवसर पर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इसके अलावा संस्था परिसर में छात्राओं द्वारा वृक्षारोपण कर परिसर को साफ सुथरा रखने के साथ-साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ भी ली। साथ-साथ उन्हें सुरक्षित रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्री मुकेश चौबे ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों में सहभागिता करने से ही पूर्ण सफलता प्राप्त की जा सकती है। अतः इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए जिससे न केवल छात्र-छात्राओं बल्कि समाज भी जागरूक होता है, जिसके सकारात्मक परिणाम परिलक्षित होते है। इस मौके पर सरपंच कमल दुबे शिक्षक दयाराम अहिरवार, श्रीमती सरिता कस्तोर, सलीम खान, अमित दुबे सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## उत्कृष्ट लघुकथा लेखन के लिए ओजेंद्र तिवारी सम्मानित



**दमोह।** लघुकथा शोध केंद्र भोपाल द्वारा लघुकथा गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन हिंदी भवन के नरेश मेहता कक्ष भोपाल में आयोजित किया गया। कार्य कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि सरस दरबारी इलाहाबाद एवं वरिष्ठ साहित्यकार ओजेन्द्र तिवारी सारस्वत अतिथि थे। अपने संबोधन में अध्यक्षता करते हुए संतोष श्रीवास्तव ने कहा एक अच्छी लघुकथा लिखना चुनौतीपूर्ण कार्य है। आयोजन में ओजेन्द्र तिवारी को उनके उत्कृष्ट लघुकथा लेखन हेतु संस्था की ओर से शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह और नगद राशि देकर संस्था की निदेशक कान्ता राय ने सम्मानित किया। गोष्ठी में अनेक लघुकथाकारों ने भाग लिया और सभी ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।कार्यक्रम के अंत में सुनीता प्रकाश ने आभार व्यक्त किया।। भोपाल में सम्मानित होने पर इंजीनियर अमर सिंह राजपूत, पीएस परिहार, रामकुमार तिवारी बीएम दुबे,अनिल जैन आदि साहित्यकारों ने अपनी शुभकामनाएं दी।

## सावन की पूर्णिमा पर रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

**पवई।** पवई नगर समेत आसपास के ग्रामीण अंचलों में सावन की पूर्णिमा के अवसर पर रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में त्योहार की तैयारियां जोरों पर रहीं। बहनों ने पूजा थाल सजाकर भाइयों की आरती उतारी, उनकी कलाई पर राखी बांधी और उनके सुख, समृद्धि तथा दीर्घायु की कामना की। बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट किए और जीवनभर उनकी रक्षा का वचन निभाने का संकल्प लिया। नगर के बाजारों में सुबह से ही रौनक देखने को मिली। राखी, मिठाई और उपहार की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ी रही। रंग-बिरंगी राखियां, खिलौनों और पारंपरिक मिठाइयों ने बाजार की शोभा बढ़ा दी। ग्रामीण अंचलों में भी परिवारजन एकत्र होकर पारंपरिक गीत-संगीत और विशेष व्यंजनों के साथ इस पर्व का आनंद लेते रहे। रक्षाबंधन का यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। इस दिन न केवल सगे भाई-बहन, बल्कि रिश्तेदारी और सामाजिक रिश्तों में भी राखी बांधकर आपसी स्नेह व एकता का संदेश दिया गया। पूरे दिन नगर और गांवों में उत्साहपूर्ण माहौल रहा और सावन की पूर्णिमा का यह पावन दिन सभी के लिए यादगार बन गया।

## सोलह दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी मे आचार्य श्री विद्या सागर जी एवं समय सागर जी के आशीर्वाद से सोलह दिवसीय श्री शांति नाथ महामंडल विधान रक्षाबंधन के पावन अवसर पर भक्तिभाव के साथ संपंन हुआ। इस अवसर पर भगवान श्री श्रेयांश नाथ का निर्वाण महोत्सव मनातें हुए निर्वाण लाडू समर्पित किए गए। रक्षाबंधन महापर्व पर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में भगवान पारसनाथ के विशाल समवशरण के समक्ष सामूहिक अभिषेक शांति धारा विधान पूजन प्रतिष्ठाचार्य सुरेश शास्त्री ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया एवं रोहित भैया के निर्देशन में संपंन हुआ। इस अवसर पर भगवान श्रेयांश नाथ सहित 24 तीर्थंकरों के अभिषेक उपरांत 48 श्रावक श्रेष्ठी जनों ने शांतिंधारा करने का सौभाग्य प्राप्त किया। देव शास्त्र गुरू पूजन पश्चात सौलह कारण पूजन संपंन हुआ। तत्पश्चात भगवान श्रेयांश नाथ भगवान पूजन के साथ निर्वाण महोत्सव मनाते हुए निर्वाण लाडू समर्पित किए गए। साथ ही अकंपना आचार्य विष्णु कुमार आदि 700 मुनियों को अर्घ्य समर्पित करके रक्षा बंधन पर्व मनाया गया। सौलह दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान के अंतिम दिन भी भक्तिभाव से भंडल पर श्रीफल चढ़ाकर अर्घ्य समर्पित किए गए। अंत में हवन पूजन विश्व शांति महायज्ञ के साथ मंदिर निर्माण कार्य सानंद संपंन की भावना से विधान का समापन किया गया। सौलह दिवसीय आयोजन में सोधर्मइंद्र राजेन्द्र अटल परिवार भरत चक्रवर्ती पंकज जैन मुंशी परिवार कुबेर इंद्र संतोष जैन अविनाशी परिवार महायज्ञ नायक मुकेश जैन अनिल फोटो परिवार यज्ञ नायक चंद्र कुमार जैन खजरी परिवार के साथ द्रव्य प्रदाता पदमचंद मुकेश रानू जैन खजरी परिवार ध्वजारोहण कर्ता एनके जैन सुनील महेंद्र करुणा वेजीटेरियन परिवार के साथ साथ संतोष सिंघई परिवार रूपचंद जैन नवीन निराला परिवार शैलेंद्र बजाज परिवार मुकेश जैन हटा वाला परिवार मुकेश जैन मम्मा परिवार शैलेंद्र मयूर परिवार जितेंद्र जैन मनीष बजाज अमरदीप लालू सहित मंदिर के सभी आसामियों सहित श्रावक श्रेष्ठी जनों का विशेष योगदान रहा। आयोजन की सफलता के लिए मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नवीन निराला एवं महामंत्री राजकुमार जैन रानू ने सभी का आभार मानते हुए मंदिर निर्माण कार्य हेतु खुले मन और खुले हाथों से दान की अपील सकल जैन समाज से की है।

## कुण्डलपुर में वात्सल्य पर्व मनाया, श्रेयांश नाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया



**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में श्रमण संस्कृति रक्षक दिवस रक्षाबंधन वात्सल्य पर्व के साथ जैनधर्म के ग्यारहवें तीर्थंकर भगवान श्री श्रेयांसनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान हुआ । अत्यंत भक्ति भावपूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर प्रथम अभिषेक ,शांतिधारा, रिद्धि कलश ,निर्वाण लाडू आदि का सौभाग्य दीपक डिंपल दक्ष दीपांशी यश जैन परिवार इंदौर, कन्हैयालाल आयुष अदिति अर्चना परिवार नागपुर ,डॉ राजीव डॉ सिद्धार्थ डा एसके जैन प्रणव जबलपुर ,अजय चंपालाल मेघल शाह कल्पेश जैन भयंदर मुंबई, नेमीचंद प्रदीप प्रमोद सतीश मुकेश राकेश मोदी परिवार जैतपुर गौरझामर, डॉ एस के डॉ अंचल अयांश चंद्रा प्रगति जैन परिवार झांसी ,प्रवीण विधि अनुतर लाभांशी जैन परिवार मुंबई, अविनाश विधम हिमानी प्रकाशचंद भोपाल, राकेश कुमार जैन दमोह, इंजी अजय संगीता डॉ सोनल अंकुर जैन परिवार इंदौर, निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य शुभम जैन कटनी आदि ने प्राप्त किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने अभिषेक किया एवं रक्षाबंधन सूत्र बांधकर धर्म संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई।

# हाथीडोल गांव में मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से नाराज युवा पलायन को हो रहे मजबूर

### शासन प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों की अनदेखी से बदहाली का जीवन व्यतीत करने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

आजादी के इतने साल बाद भी आदिवासियों के जीवन स्तर में कोई खास बदलाव नहीं आया है, वे आज भी अपने अधिकारों से वंचित हैं ब्लाक में आज भी ऐसे कई गांव है, जहां रहने वाले ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं और उनकी समस्याओं पर मंत्री, विधायक, सरपंच से लेकर कोई भी अधिकारी-कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। हां, इतना जरूर है कि जब भी चुनाव आते हैं, तो अधिकारी, नेता गांव जाकर कई लुभावने वादे कर जाते हैं, लेकिन चुनाव संपन्न होने के बाद कोई भी जिम्मेदार गांवों की तरफ नहीं देखता है नतीज ने ग्रामीण आज भी बदहाल जीवन व्यतीत करने मजबूर हैं। ब्लॉक का ऐसा ही एक गांव हाथीडोल है। ये गांव इमलीडोल ग्राम पंचायत के आश्रित है। इस गांव की आबादी 200-250 के करीब है। लेकिन हाथीडोल वासी शासन से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। नतीजा अब हाथीडोल वासियों का शासन-प्रशासन में बैठे नेता और अधिकारियों से विश्वास उठ गया है। वे आज भी ऐसा जीवन यापन कर रहे हैं, जिसकी तुलना करना मुश्किल है।



### दो समाज के लोग करते हैं निवास

हाथीडोल गांव में जहां एक गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं और गांव के लोग पगडंडी और जंगली रास्तों से होकर आते-जाते हैं। इस गांव में दो समाज के लोग निवास करते हैं। जिसमें आदिवासी और यादव समाज हैं, लेकिन यहां पर दोनों ही समाज के लोग आज भी सरकार की तरफ से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्हें मजबूरी बस इस गांव में रहना पड़ रहा है। क्योंकि गांव में इनका मुख्य जीवन यापन करने के लिए खेती-बाड़ी पर निर्भर है और कोई काम नहीं या फिर बाहर काम करने के लिए जाना पड़ता है।



### परेशानियों से त्रस्त युवा बाहर जाने मजबूर

हाथीडोल के युवा मूलभूत सुविधाओं के अभाव में और परेशानियों से त्रस्त होकर गांव छोड़कर अन्य प्रदेशों में काम करने चले गए हैं और जो गिने-चुने बचे हैं, वह अपना जीवन बदहाली में जी रहे हैं। उनको न तो ग्राम में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है और न ही भोजन के लिए सरकारी राशन मिलता है। ग्राम के बबलू आदिवासी बताते हैं कि पूरे गांव के पानी के लिए स्कूल में लगा हैंडपंप है। लेकिन वह भी कभी-कभार बंद हो जाता है। जो शासन से राशन मिलता है, उसको लेने के लिए 8 से 10 किमीदूर इमलीडोल जाना पड़ता है। रोजगार के लिए प्रतिदिन सैकड़ों युवा और अन्य वर्ग दूसरे जिले जाते हैं, वहीं इस गांव में हर घर से एक युवा का पलायन हो रहा है।

### टूट जाते हैं शादी के रिश्ते

स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि पानी, सड़क, बिजली जैसी समस्याओं के कारण इस गांव के युवाओं की शादी भी नहीं हो पा रही है। इस वजह से युवा गांव छोड़कर अन्य प्रदेशों में काम करने जा रहे हैं। क्योंकि युवाओं की शादी में परिजनों और युवा को बड़ी दिक्कत होती है। इस गांव में लड़कियों की शादी तो हो जाती है, लेकिन यहां पर लड़के कुंवारे बैठे रहते हैं। क्योंकि यहां पर कोई भी अपनी लड़की इसलिए नहीं देता है कि गांव में पानी, बिजली और पहुंचने के लिए पक्का मार्ग नहीं है।

## बारिश के साथ जलभराव के बाद भी कलेक्टर सहित प्रशासनिक अमले ने लोगों का सुरक्षित जगह पहुंचाया

# तेज बारिश से सुभाष कॉलोनी क्षेत्र में जलभराव, नाव चलाकर लोगों का रेस्क्यू किया, 4 फीट पानी में उतरकर कलेक्टर ने हालात देखे

*दमोह। रक्षाबंधन के दिन शाम को लगातार दो घंटे तक तेज बारिश ने शहर में जनजनीवन अस्त व्यस्त् कर दिया। सबसे ज्यादा खराब हालात शहर के सुभाष कालोनी क्षेत्र में बनी जहां पर करीब चार से पांच फीट तक पानी भर गया। सड़को से लेकर कई जगह घर तक जलमग्न हो गये। बच्चों से महिलाओं भयग्रस्त हो गये, चीख पुकार मच गई। लोगो के घरों में पानी घुस गया, गृहस्थी की सामग्री खराब हो गई। हालातों की गंभीरता को देखते हुये जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के साथ ही पूरा प्रशासनिक अमला पानी में ही उतरकर लोगो की मदद करते नजर आये। कलेक्टर श्री कोचर करीब तीन फीट पानी में स्वयं चलकर हालातों का जायजा लिया। कलेक्टर के निर्देश पर पूरा प्रशासनिक अमला, एनडीआरएफ एवं नपा कर्मी बचाव कार्य में जुटे रहे। नाव बुलाकर अधिक जलभराव वाले क्षेत्रों में चलाकर लोगो को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।*





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर के सुभाष कॉलोनी के अंदरूनी एरिया में एक फीट से लेकर तीन-चार फीट तक पानी भरा था। पानी तेज हुआ तो पूरा जिला प्रशासन यहां पर आ गया और लगातार सब जगह का जायजा लेकर हालात देखे। जल भराव क्षेत्र में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने भरे हुए पानी के बीच में खड़े होकर लोगों को घर से निकलवा कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे थे। करीब 3 घंटे कलेक्टर बरसते पानी मे भीगते रहे और लोगों को सुरक्षित घरों से निकलवाते रहे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जो लोग थोड़े से निचले इलाकों में थे, उन लोगों को निकालने का कार्य किया जा रहा हैं। यहां पर सामुदायिक भवन







और शासकीय ओबीसी छात्रावास है, जिसमें दोनों जगह पर इन लोगों के रहने, खाने-पीने सब की व्यवस्था की जा रही हैं और दो जगह जहां पर केंद्रीय विद्यालय वाला मार्ग है वहां पर नाले को और तेजी से साफ किया जा रहा है ताकि काफी पानी वहां से डायवर्ट हो जाए। उन्होंने कहा एक दो जगह और जहां पर अभी नगर पालिका की टीम लगी है और वहां पर नाली के पास का जो छोटा अतिक्रमण है, उसे तोड़ रहे हैं ताकि पानी का फ्लो निकल जाए।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा पूरा प्रशासन इन लोगों के साथ खड़ा हैं और सबको निर्देश दिए हैं। जब तक चीजें सामान्य नहीं होती मैं पूरे समय यहां पर हूं। उन्होंने कहा अधिकारी गण कहीं नहीं जाएंगे और इनकी खाने-पीने, रहने, हर चीज की व्यवस्था पूरी कराएंगे और प्रयास करेंगे कि जैसे ही थोड़ी सी चीजें नॉर्मल होती हैं, एक अभियान के तौर पर चीजों को करेंगे ताकि इन लोगों को समस्या से स्थाई रूप से छुटकारा मिल सके।

उन्होंने कहा इनका गुस्सा जायज है, इनकी परेशानी जायज है और निश्चित रूप से प्रशासन की ड्यूटी थी कि इसको ठीक से कर पाते। जितना प्रयास किया, कर सकते थे,प्रशासन ने किया लेकिन यहां समस्या बहुत कॉम्प्लेक्स और कई अतिक्रमण हैं, लोगों ने 2-2 मंजिला मकान बनाकर रखे हुए हैं, नाले के ऊपर, लोगों ने नालियों को ढक के रखा हुआ है। एक व्यापक सफाई अभियान चलाना पड़ेगा तब जाकर चीजें ठीक होंगी।

उन्होंने कहा जब तक स्थिति नियंत्रित नही होती लोग लगातार यहीं रहेंगे कोई कहीं नहीं जाएगा, प्रशासन इनके साथ हैं पूरे समय, पूरा प्रशासन तंत्र यहाँ पर है। नगर पालिका से लेकर राजस्व अधिकारी तक सब सक्रिय हैं। इनकी पूरी व्यवस्थाएं अच्छे से बनाएंगे और किसी को कोई समस्या नहीं होने देंगे। मेडिकल टीम भी अभी थोड़ी देर में आ रही है, तो जिनको स्वास्थ्य की दिक्कत है, उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। खाने-पीने सब की व्यवस्था की गई हैं।

### हम बेहतर व्यवस्थायें नहीं कर पायें : कलेक्टर

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि यह समस्या पिछले 4-5 साल से इन लोगों को आ रही थी। इस साल भी ये लोग मेरे पास लगातार आए थे और जो काम गहरीकरण का करा सकते थे, वह कराया लेकिन लगातार नगर पालिका में थोड़ा सा स्थाई माहौल नहीं होने के कारण, बहुत बेहतर व्यवस्था नहीं दे पाए और बहुत बेहतर व्यवस्था नहीं देने के कारण यह स्थिति इन लोगों के साथ हुई है। अभी पहली प्राथमिकता जनजीवन सामान्य हो जाए, लोगों को कोई परेशानी न हो, जितना जल्दी से जल्दी चीजें सामान्य हो सकें। इसके बाद दूसरे चरण में एक व्यापक अभियान शुरू करेंगे, जिसमें एक-एक जगह जाकर लोगों से बात करके यह जानेंगे कि कहां किस चीज के कारण समस्या है और उसे बिल्कुल ठीक कराएंगे।

## खबर संक्षेप

### राहुल सिंह ठाकुर भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष बने

**जबेरा।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्योराज सिंह की अनुशंसा एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री ठाकुर राजेश



सिंह जादौन की सहमति से जबेरा निवासी युवा किसान राहुल सिंह ठाकुर को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति का दमोह जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। युवा किसान राहुल सिंह ठाकुर ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति द्वारा सौंपे गए दायित्व का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए संगठन के प्रति समर्पण भाव से कार्य किया जाएगा। राहुल सिंह ठाकुर के जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सभी क्षेत्रवासियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होगा विशाल रक्तदान शिविर

**दमोह ।** स्वतंत्रता दिवस एवं तिरंगा उत्सव के अंतर्गत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में 14 अगस्त 2025 को कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया यह शिविर प्रातः 09 बजे से शाम 06 बजे तक चलेगा। रक्तदान शिविर में रक्त दान करने हेतु लिंक के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने कहा इस अवसर को देशभक्ति, त्याग और बलिदान की भावना के साथ पीड़ित मानवता की सेवा के रूप में मनाया जा रहा है। सभी स्वस्थ नागरिकों, जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है और जिन्होंने पिछले तीन महीनों में रक्तदान नहीं किया है, इस शिविर में भाग लेने की अपील कलेक्टर श्री कोचर ने आमजनों से की। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा रक्त की हर एक बूंद गंभीर मरीजों की जान बचाने में सहायक होती है। इसलिए जिले के अधिक से अधिक लोगों से इसमें शामिल होकर समाज सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है।

## मगरमच्छ के हमले में घायल हुई महिला

### शासकीय अस्पताल में कर्मचारियों ने दवा देने से किया इनकार

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा सामुदायक स्वस्थ केन्द्र में कुछ दिनों से मनमाने तरीके से पदस्थ कर्मचारी काम कर रहे है किंतु उनकी इस मनमानी से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला ग्राम झलोन से सामने आया है यह के निवासी कोमल अहिवाल ने तेंदूखेड़ा समुदायक के कर्मचारियों पर आरोप लगाये है। उनका कहना है उनकी पत्नी दर्द से तड़प रही है उपचार के लिए दवाओं की जरूरत है किंतु आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण जब वह शुकवार को तेंदूखेड़ा समुदायक स्वस्थ केन्द्र पहुंचा और उसने दवाओं की माग की तो मौजूद कर्मचारी ने दवा नहीं दी और यह कहकर भगा दिया कि दो बजे के बाद न तो पर्ची बनती है न दवा मिलती है। बाद में पति दुखी हालत में अपने ग्राम बापिस चला गया ओर वह के गणमान्य लोगों को आप बीती बताई उसके बाद उन्होंने मीडिया को इस संबंध में अवगत कराया। झलोन ग्राम के लोगों ने बताया कोमल आहीवाल की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो चुकी है और जब शासकीय अस्पतालों में गोली दवा नहीं मिल रही तो यह बहुत गलत बात है।

#### मगरमच्छ ने किया था घायल

कोमल आहीवाल की पत्नी संतोषरानी 14 जुलाई को अपने खेत में काम रोपा लगाने है थी अचानक नाले के समीप मगरमच्छ ने उसपर हमला कर दिया था और महिला की खींचकर नदी में ले जा रहा था। उसी समय उसके पुत्र ने नदी में कूदकर अपनी मां की जान बचाई थी। प्रथमिक उपचार महिला का तेंदूखेड़ा स्वस्थ केन्द्र में हुआ था उसके बाद उसको जबलपुर रिफर कर दिया था किंतु कुछ दिन पूर्व महिला घर आ गई थी उसकी दवा खत्म हो गई थी। इसलिए महिला का पति कोमल अपने बेटे कालीचरण के साथ तेंदूखेड़ा स्वस्थ केन्द्र शुक्रवार को पहुंचा और वह मौजूद कर्मचारियों से गोली दवा की माग की किंतु कर्मचारियों ने कोमल को दवा नहीं थी और उसको खाली हाथ घर बापिस जाना पड़ा। कोमल के पुत्र कालीचरण आहिवाल ने बताया हमलोग खेत के भरोसे थे वह मगरमच्छ ने मां पर हमला कर दिया उसके बाद न खेती कर पाये हैं न कोई कही से मदद मिली है। सरकारी अस्पताल में गोली दवाइयां भी नहीं मिल रही काफी परेशान हैं। मां को मगरमच्छ से तो बचा लिया किंतु उनको दर्द रहता है दवाओं के लिए भी पैसा नहीं बचा है। तेंदूखेड़ा सी बी एम ओ डाक्टर अशोक बरौनियां का कहना है दो से पांच का समय लंच का होता है अब दवा क्यों नहीं मिली इसकी वह पूछकर ही आगे जानकारी दे पाएंगे।

### खाली हाथों से राखी बंधवाने मजबूर हुए अतिथि शिक्षक

## रक्षाबंधन पर बहनों को नहीं मिला कोई तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

#### *ई-अटेंडेंस बनी सिर्फ दिखावा, स्थाई शिक्षकों को मिला वेतन*

भाई-बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन सभी अपने अपने हिसाब से इस त्यौहार की खुशियों से मनाई जहां बाजार में रक्षाबंधन के लिए उत्साह देखा गया वहीं अतिथि शिक्षकों में नीरसता और त्यौहार के प्रति फीकापन देखने में मिला जिसका कारण ई-अटेंडेंस है। शिक्षा विभाग ने ई-अटेंडेंस के प्रयोग द्वारा शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक शिक्षा के स्तर में सुधार की जो कोशिश की वह जमीनी स्तर पर सही नहीं उतर पाई। पहले ही महिने में अनियमितताओं के चलते स्थाई शिक्षकों को तो बिना ई-अटेंडेंस के भी वेतन मिल गया वहीं अतिथि शिक्षकों पर वेतन की गाज गिर गई। मई जून में वैसे ही खाली बैठे हुए थे जैसे तैसे जुलाई में स्कूल जाना शुरू हुआ तो ई-अटेंडेंस के चलते वेतन रूक गई। रक्षाबंधन के इस त्यौहार पर हटा विकासखंड के अलावा समूचे जिले में हजारों अतिथि शिक्षक रक्षाबंधन पर अपनी बहनों को उपहार नहीं दे सके उन्हें खाली हाथ ही राखी बंधवाने मजबूर होना पड़ा जिससे निराशा भरे अतिथि शिक्षक शासन प्रशासन व सिस्टम को कोसते हुए देखे गए।

दमोह जिले में बाहर से आकर अतिथि शिक्षक का कार्य कर रहे अतिथियों ने बताया कि बेरोजगारी की मार से परेशान होकर यहां आकर भी काम करना पसंद किया परंतु पहले ही महिने में वेतन न मिलने से परेशानियों का सामना करना पढ रहा है। किराए से लेकर राशन पानी और फिर यह त्यौहार, इस तरह परेशानियों से जूझ रहे अतिथि शिक्षकों की विभाग को चिंता करना चाहिए।

### जेल में भाईयों को राखी बांधते ही बहनों की भर आईं आंखें

## बहनों ने मंगल तिलक लगा कर भाईयों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

भाई बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन नगर व क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया लेकिन इस बार रक्षाबंधन के त्योहार पर भद्रा का साया न रहने के कारण दिनभर शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने-अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर तिलक बंधन करते हुए मुंह मीठा कर उनके जीवन की मंगल कामना की वही भाइयों ने अपनी बहनों को जीवन भर रक्षा करने का वचन दिया। इस दौरान रक्षाबंधन पर्व पर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

#### जेल में बंद भाइयों को बहनों ने बांधी राखी

रक्षा बंधन पर उपजेल हटा परिसर में भाई-बहन के प्रेम और स्नेह की जलधारा आंखों से आंसुओं के रूप में छलकती नजर आई। प्यार से भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी कलाइयां सजाती बहनें गुजरे समय की यादों में गुम हो कर अपलक उन्हें निहारती रहीं। भाइयों ने भी बहनों को ढांढस बंधाया, अपना प्रेम लुटाया और उनके सुखद जीवन की कामना कर फिर चार दीवारियों के बीच लौट गए। उप जेल हटा में रक्षा बंधन पर्व पर भाई-बहन की मुलाकात के विशेष इंतजाम किए गए थे। जेल में मुलाकात का वक्त मुकर्रर था। जेलर नागेन्द्र चौधरी ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व पर शनिवार को सुबह से ही यहां बंदियों की बहनों और परिजनों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। जेल प्रशासन के निर्देशानुसार जेल परिसर में चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम के साथ ही रक्षा बंधन पर्व के लिहाज से भी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर रखी थीं। जांच के बाद बहनों और अन्य परिजनों को प्रवेश दिया गया। मुलाकात का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया था। बहनों को मुलाकात के



दौरान केवल मिठाई, गजक, सोन पापड़ी मिठाई 250 ग्राम अंदर ले जाना अनुमत किया गया। बने हुए भोजन अंदर ले जाने की अनुमति नहीं । जेल प्रशासन द्वारा पूजा की थाल उपलब्ध कराई गई थी जिसमें हल्दी, कुमकुम, चावल आदि सामग्री रखी गईं। बहनों ने जेल में सजा काट रहे भाइयों को देखते ही बहनों की आंखों से आंसू छलक पड़े। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, उनकी आरती उतारी और कलाई पर अपने अटूट स्नेह और विश्वास का धागा बांध कर मुंह मीठा कराया। बंदियों के लिए यह अवसर अपने परिजनों-बच्चों से भी मुलाकात का सुखद संयोग लेकर आया था। उन्होंने अपनी पत्नी-बच्चों से मिलकर उनका हाल जाना। जेलर चौधरी ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व पर 48 बहनों ने पहुंच कर 127 बंदी भाईयों को जेल में राखी बांधी एवं जिन बंदियों की बहने नहीं पहुंच सकी उन्हें जेल महिला पहरी द्वारा तिलक लगाकर राखी बांधकर मिठाई खिलाई गई।

## नगर में विप्र जनो ने मनाया श्रावणी पर्व



**दमोह।** पं.आचार्य मुरलीधर शास्त्री ने बताया श्रावणी पर्व का महत्व सनातन धर्म में श्रावण मास की पूर्णिमा पर मनाए जाने वाले श्रावणी उपाकर्म का बहुत महत्व है क्योंकि महापर्व का संबंध उस पवित्र ब्रह्मसूत्र से है जिसके तीन धागे देवऋण, पितृऋण और ऋषिऋण के प्रतीक माने जाते हैं. ब्रह्मसूत्र, यज्ञोपवीत या फिर कहें जनेऊ से जुड़ा पर्व साल भर में एक बार आता है, इसलिए लोग इसका बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षा करते हैं। जिस श्रावणी उपाकर्म को आत्मशुद्धि का पर्व माना जाता है। पूजा विधि और उसके धार्मिक महत्व श्रावणी उपाकर्म की विधि-विधान इस प्रकार है। इस पावन पर्व पर पुराने यज्ञोपवीत यानी जनेऊ को बदलने के लिए लोग किसी एक नदी या फिर तीर्थ स्थान पर इकट्ठे होते हैं। इसके बाद गुरु के निर्देशन के अनुसार ये कार्य संपन्न करते हैं। पुराने जनेऊ को बदलने के लिए सबसे पहले गाय के दूध, दही, घी के साथ ही गोबर, गोमूत्र और पवित्र कुशा को अपने हाथ में लेकर पूरे साल किए गए पाप-कर्म को प्रायश्चित करते हैं एवं पं. मुरलीधर शस्त्री जी ने बताया की प्रातः काल उठकर संध्या करने के बाद,ग्राम छपरठ, बम्हौरी कोपरा नदी के तट पर जाकर उपाकर्म किया गया, जिसमें पं.राहुल शास्त्री, पं.रीतेश मिश्रा, पं.पंकज शास्त्री, पं.विशेष तिवारी, पं.हरिशंकर पाण्डेय, पं.श्री शर्मा, पं.संजय नगायच आदि की उपस्थिति रही।

### साइबर क्राइम ब्रांच भोपाल के नाम से फर्जी कालिंग, गूगल जीमेल अकाउंट पर अश्लील वीडियो का हवाला देकर शिक्षक को धमकाया

## शिक्षक को धमकी देकर डेढ़ लाख की डिमांड अपनी सूझबूझ से शिक्षक ने बड़ी ठगी से बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

फर्जी कॉल और ऑनलाइन ठगी की बढ़ती घटनाओं के बीच तेंदूखेड़ा में शासकीय प्राथमिक शाला निबोरा में कार्यरत शिक्षक कैलाश सिंह गौड ने अपनी सूझबूझ और सतर्कता से एक बड़ी ऑनलाइन ठगी का शिकार होने से स्वयं को बचा लिया। दरअसल शुक्रवार को शिक्षक कैलाश के मोबाइल पर 9109440228 नंबर से आए काल में खुद को साइबर क्राइम ब्रांच भोपाल का अधिकारी बताते हुए धमकाया गया।

मुझसे मोबाइल पर कहा कि आपका एक अपराध संज्ञान में आया है साइबर क्राइम ब्रांच भोपाल में आपके मोबाइल गूगल जीमेल अकाउंट के द्वारा गूगल क्रोम ब्राउज़र को बार-बार ओपन किया जा रहा है उसे पर सेक्स अश्लील भरी वीडियो देखे जा रहे हैं यह भारत सरकार के द्वारा 2016 और 17 में व्हेन कर दिया गया था आप सरकार के नियम का उल्लंघन कर रहे है आपके मोबाइल के द्वारा आपराधिक मामला है जैसा कि आपको पता है आप एक सरकारी गवर्नमेंट शिक्षक होने के नाते यह अपराध कर रहे हैं इस अपराध में आप दोषी पाए गए है 1 साल की सजा और एक लाख रुपए का जुर्माना लग सकता है और नौकरी के पद से निलंबित किया जा सकता है.. शिक्षक कैलाश सिंह गौड को यह कहते हुए भी धमकाया गया कि इस वीडियों को बीआरसी ग्रुप में भेजी जा रही है यदि तू इससे बचना चाहत तत्काल एक से डेढ़ लाख रुपए भेज दे शिक्षक ने कहा कि मेरे द्वारा ऐसा कुछ नहीं किया गया है इसके बाद मैंने पैसे देने में असमर्थता जाहिर की तो उसने अभ्रद भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि तेरी नौकरी चली जाएगी चल अच्छा एक काम कर अभी तत्काल में 13000 रुपए भेज दे इस बात को सुनकर मैं काफी घबरा गया एवं मैंने फोन काट दिया एवं इसी के साथ मेरे व्हाट्सएप पर व्हाट्सएप नंबर 8962397575 से एक लेटर भेजा गया इसके बाद उसने व्हाट्सएप पर पैसे जल्दी डालने के लिए कहा..

इसके बाद शिक्षक कैलाश ने सूझबूझ का परिचय देते हुए शासकीय माध्यमिक शाला बहेरिया मैं पदस्थ शिक्षक ब्रजराज परिहार को सारी घटना बताई जिन्होंने शिक्षक को कहा कि इस प्रकार की फर्जी कॉल मोबाइल पर आती हैं हमें इससे बचना है बिल्कुल मत घबराओ और जिस व्यक्ति ने तुम्हें मोबाइल किया है उसका मोबाइल नंबर एवं व्हाट्सएप नंबर मुझे भेजो इसके बाद परिहार जी के द्वारा मोबाइल नंबर लगाया गया लेकिन व्यक्ति ने मोबाइल नंबर नहीं उठाया.. हालांकि मोबाइल पर प्रदीप मिश्रा ब्रांच भोपाल शो हो रहा था इसके बाद मेरे द्वारा जिस व्हाट्सएप नंबर से लेटर आया था उस पर मेरे द्वारा मैसेज लिखकर भेजा गया कि किस खाते में पैसा डालना है इसके बाद उसने तत्काल ही मेरे मोबाइल नंबर पर फोन लगाकर बातचीत की और कहा मुझे बोला कि मैं क्राइम ब्रांच से इंस्पेक्टर बोल रहा हूं यदि इस शिक्षक को बचाना चाहते हो तो पैसा भेजो मैं स्कैनर भेज रहा हूं इसके बाद मेरी और उसकी तू तू मैं मैं हो गई उसने फोन रख दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतेश जैन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात कॉल या संदिग्ध संदेश पर बिना पुष्टि किए पैसे न भेजें, और ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर को सूचित करें।

## कार और ऑटो की भिड़ंत में करीब सात घायल दो रेफर

**जबेरा।** कार और ऑटो की भिड़ंत में करीब सात लोगों के घायल हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। जिन्हें जनप्रतिनिधियों के सहयोग से 108 वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में भर्ती कराया गया है जिसमें से दो लोगों की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जबेरा थाना अंतर्गत आने वाले साधना गेस्ट हाउस एवं सतघटियों के बीच शुक्रवार की शाम सवारी वाहन ऑटो सवारी को भरकर जबेरा की ओर आ रहा था। तभी जबलपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार क्रेटा कार ऑटो से टकरा गई जिससे ऑटो पलटी खाकर सड़क से दूर जा गिरा जिससे ऑटो में सवार लोगों की चीख पुकार मच गई। तभी वहां से गुजर रहे युवा नेता दीपक सेन ने जबेरा पुलिस एवं सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन को सूचना दी। जिस पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन के साथ महामंत्री रानू नामदेव,महामंत्री नीरज जायसवाल, मंडल मंत्री दशरथ साहू द्वारा सभी घायलों को 108 वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा भिजवाकर भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटीरत डॉक्टर शुभम राजपूत द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया जिसमें से दो लोगों की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया है।

#### सांसद प्रतिनिधि ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को पहुंचा अस्पताल